PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Amar Ujala, Delhi
Thu, 17 Aug 2017, Page 11
Width: 41.06 cms, Height: 33.36 cms, a3r, Ref: 55.2017-08-17.76

गले लगाने से सुलझेगी कश्मीर समस्या

पीएम मोदी ने करोड़ों देशवासियों के संकल्प, त्याग और सामूहिकता का महत्व बताया

नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर समस्या हल करने के लिए मरहम लगाने की नीति का एलान किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर की समस्या न तो गाली से सुलझेगी और न गोली से। यह कश्मीरियों को गले लगाने से ही सुलझेगी।

देश के 71वें स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले के प्राचीर से अपना चौथा भाषण देते हुए पीएम ने न्यू इंडिया की नींव रखने का संकल्प व्यक्त करते हुए कालाधन रखने वाले 18 लाख लोगों पर सरकार की नजर रखने की बात की तो यह भी कहा कि तीन तलाक के खिलाफ लड़ने वालों को पूरे देश का साथ मिलेगा। उन्होंने कहा कि आस्था के नाम पर हिंसा ठीक नहीं।

पीएम ने कहा कि कश्मीर की समस्या हर कश्मीरी को गले लगा कर सुलझने वाली है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की सरकार के साथ-साथ देश उनके साथ है। हम कश्मीर को फिर स्वर्ग बनाएंगे। हालांकि उन्होंने कहा कि सरकार आतंक के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरतेगी। अलगाववादियों को आड़े हाथ लेते हुए पीएम ने कहा कि मुट्ठी भर लोग घाटी का माहौल खराब कर रहे हैं। उन्होंने गोरखपुर के बीआरडी कॉलेज में बच्चों की मौत का भी इशारे में जिक्र किया और कहा कि एक अस्पताल में बच्चों की मौत हो गई। देश पूरी संवेदना सहित उनके साथ है। एजेंसी

अपना 56 मिनट का भाषण समाप्त करते हुए पीएम सुरक्षा घेरा तोड़ कर बच्चों के पास पहुंच गए। पीएम ने स्कूली बच्चों से गर्मजोशी से हाथ मिलाया।

तीन तलाक के खिलाफ माहौल

पीएम ने कहा कि तीन-तलाक से पीड़ित बहनों ने पूरे देश में एक आंदोलन खड़ा किया है। देश के बुद्धिजीवी वर्ग को हिला दिया, देश के मीडिया ने भी उनकी मदद की, पूरे देश में तीन-तलाक के खिलाफ एक माहौल निर्माण हुआ। मुझे विश्वास है, कि माताओं-बहनों को अधिकार दिलाने में, उनकी इस लड़ाई में हिंदुस्तान उनकी पूरी मदद करेगा।

किसी भी सुरक्षा चुनौती से मुकाबला करने में सक्षम

चीन के साथ दोकलम में तनातनी के बीच पीएम ने सीधे तो कुछ नहीं कहा लेकिन कहा कि भारत किसी भी तरह की सुरक्षा चुनौती का मुकाबला करने में सक्षम है।

आस्था के नाम पर हिंसा नहीं

पीएम ने कहा कि जातिवाद का जहर, संप्रदायवाद का जहर, देश का कभी भला नहीं कर सकता है। आस्था के नाम पर हिंसा को बल नहीं दिया जा सकता है।

'चलता है' का जमाना गया

पीएम ने कहा, 'मैं समझता हूं, चलता है का जमाना चला गया, अब तो आवाज यही उठे कि बदला है, बदल रहा है, बदल सकता है। यही विश्वास हमारे भीतर होगा, तो अपने आप बहुत बड़ा परिवर्तन आता है और संकल्प सिद्धि में परिवर्तित हो जाता है।

किसानों की आय दोगुना कर देंगे

पीएम मोदी ने एक बार फिर दोहराया कि पांच साल में उनकी सरकार किसानों की आय दोगुना कर देगी। सरकार बीज से लेकर बाजार तक, कृषि सेक्टर में सुधारों का नया सिलसिला चलाएगी।

नौजवान वोटरों को भी साधा

2019 में युवा वोटरों की अहम भूमिका को देखते हुए पीएम ने कहा कि आने वाली एक जनवरी सामान्य नहीं है। जिन लोगों ने 21वीं सदी की शुरुआत में जन्म लिया है उनके लिए निर्णायक वर्ष है। इन नौजवानों का हृदय से स्वागत करता हूं।

शहीद कमांडेंट की बेटी ने फहराया तिरंगा

श्रीनगर। सीआरपीएफ शहीद कमांडेंट प्रमोद कुमार पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर अपने कैम्प में तिरंगा फहराने के कुछ मिनटों बाद ही शहीद हो गए थे। मंगलवार को उसी जगह ठीक एक साल बाद उनकी पत्नी नेहा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पत्नी के साथ शहीद की छह साल की बेटी भी थी। उसने अपने जांबाज शहीद पिता को सैल्यूट किया। प्रमोद को सरकार ने कीर्ति चक्र से सम्मानित किया है।

कर्णनगर स्थित सीआरपीएफ बटालियन के कैंप में राष्ट्रध्वज फहराने और सलामी देने के बाद शहीद की बेटी आर्ना ने कहा, अंकल, मेरे पापा हीरो थे। मैं भी हीरो बनूंगी अपने पापा की तरह। मैं भी पापा की तरह वर्दी पहनकर देश के दुश्मनों से लड़ूंगी। ब्यूरो